| **E-202** | Roll No. |
|---|---|

Serial Number

0092840

Higher Secondary Examination (Regular) - 2019

# हिन्दी (सामान्य)
# HINDI (General)

| Total Questions : 28 | Total Printed Pages : 8 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 100 |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं । उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित है ।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक आवंटित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए ।

(iv) प्रश्न 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक आवंटित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए ।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक आवंटित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए ।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक के लिए 5-5 अंक आवंटित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए ।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक (7+3) आवंटित हैं । शब्द सीमा लगभग 200-250 शब्द है ।



https://www.evidyarthi.in/

1 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 1×5=5

(i) महाकवि सूरदास की काव्यभाषा ________ है । (ब्रज / अवधी)

(ii) बाबू गुलाबराय का जन्म सन् ________ में हुआ था । (1888 / 1898)

(iii) 'बरवै नायिका भेद' ________ की रचना है । (बिहारी / रहीम)

(iv) लघुकथा हिन्दी साहित्य की ________ विधा है । (नवीनतम / प्राचीनतम)

(v) 'निबन्ध विचारों, उद्धरणों और कथाओं का मिश्रण है ।' यह कथन ________ है । (जॉनसन / मॉन्टेन)

2 निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प लिखिए : 1×5=5

(i) 'अंगद का पैर होना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(अ) दृढ़ता से जम जाना (ब) दृढ़ प्रतीज्ञा करना

(स) अत्यधिक मजबूर (द) असम्भव कार्य करना

(ii) 'तालाब के अन्दर एक मंदिर है ।' वाक्य में अशुद्धि है –

(अ) कारक सम्बन्धी (ब) वचन सम्बन्धी

(स) लिंग सम्बन्धी (द) क्रिया सम्बन्धी

(iii) 'बीमार का इलाज' की विधा है –

(अ) कहानी (ब) एकांकी

(स) निबन्ध (द) नाटक

(iv) अर्थ की दृष्टि से वाक्यों के भेद होते हैं –

(अ) 4 (ब) 6

(स) 8 (द) 10

(v) 'शिवाबावनी' के रचनाकार हैं –

(अ) रामनरेश त्रिपाठी (ब) महात्मा गाँधी

(स) भूषण (द) मैथिलीशरण गुप्त

3 सत्य / असत्य छाँटकर लिखिए । 1×5=5

(i) भूषण वीररस के कवि हैं ।

(ii) द्विगु समास में दोनों पद प्रधान होते हैं ।

(iii) मन की एकाग्रता की समस्या सनातन है ।

(iv) बालकवि बैरागी मूलतः मालवी कवि हैं ।

(v) आन्ध्र प्रदेश में तेलगू भाषा बोली जाती है ।



https://www.evidyarthi.in/

4 निम्नलिखित कथनों का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए : 1×5=5

| | | |
|---|---|---|
| (i) हिमालय और हम | – | निबन्ध |
| (ii) मेरे सपनों का भारत | – | फणीश्वरनाथ रेणु |
| (iii) आँचलिक कथाकार | – | लोकोक्ति |
| (iv) हाथ कंगन को आरसी क्या | – | कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' |
| (v) बल–बहादुरी | – | एकांकी |
| | – | गोपाल सिंह 'नेपाली' |
| | – | काका कालेलकर |

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 1×5=5

(i) संवेदनाहरक का तकनीकी शब्द लिखिए ।

(ii) कनकलता का विग्रह होगा ।

(iii) अंचल में इक प्रत्यय जोड़ने से बनने वाला पारिभाषिक शब्द लिखिए ।

(iv) 'यशोधरा की व्यथा' किस प्रकार का काव्य है ?

(v) 'जागो फिर एक बार' कविता में कौनसा काव्य–गुण है ?

6 लेखक ने किन परिस्थितियों में स्वयं को नारायण कहा है ? 2

**अथवा**

सिरचन कौन–कौन सी वस्तुएँ बनाना जानता था ?

7 रवीन्द्रनाथ टैगोर क्या जानने के लिए उत्सुक थे ? 2

**अथवा**

मानवता के विकास की पुण्य भूमि किसे कहा गया है ?

8 द्विवेदी युगीन निबन्धों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । 2

**अथवा**

शुक्लोत्तरयुगीन निबन्धों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

9 शुक्लोत्तरयुगीन कोई दो निबन्धकारों एवं उनके एक–एक निबन्ध के नाम लिखिए । 2

**अथवा**

हिन्दी निबन्धों का विकास मुख्यतः कितने चरणों में हुआ है ? नाम भी लिखिए ।



https://www.evidyarthi.in/

10 समास किसे कहते हैं ? कोई भी एक उदाहरण लिखिए । 2

अथवा

संक्षेपण किसे कहते हैं ? कोई भी एक विशेषता लिखिए ।

11 अनेकार्थी शब्द किसे कहते हैं ? कोई भी एक उदाहरण लिखिए । 2

अथवा

भिन्नार्थक समोच्चारित शब्द किसे कहते हैं ? कोई भी एक उदाहरण लिखिए ।

12 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 2

(i) मेरे को घर जाना है ।

(ii) अमिताभ की ऊँचाई जया से अधिक है ।

अथवा

निम्नलिखित युग्म शब्दों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) क्षति–क्षिति

(ii) सुत–सूत

13 निम्नलिखित के तकनीकी शब्द लिखिए – 2

(i) अधिसूचना (ii) पत्रकारिता

(iii) कर (iv) पोषण

अथवा

निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग जोड़कर पारिभाषिक शब्द बनाइए :

(i) सूचना (ii) यंत्री

(iii) प्रेषण (iv) बालिग

14 निम्नलिखित भिन्नार्थक समोच्चारित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(i) संकर–शंकर (ii) तरणी–तरणि

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

(i) राजेश आस्तिक है । (बिना अर्थ बदले नकारात्मक)

(ii) बालक रो–रो कर चुप हो गया । (संयुक्त वाक्य)



https://www.evidyarthi.in/

15 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे ।' का भाव–विस्तार कीजिए । 2

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरे/लोकोक्तियों का अर्थ सहित वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) गले का हार

(ii) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

16 कवि रहीम ने सच्चा मित्र किसे कहा है ? 3

**अथवा**

हम कैसी दुंदभी बजा रहे हैं ?

17 भूषण की कविताओं में किस गुण की प्रधानता है एवं भूषण किन–किन राजाओं के आश्रय में रहे ? 3

**अथवा**

शिशु छिनने पर सिंहनी और मेषमाता के व्यवहार में क्या अंतर होता है ?

18 कवि 'नेपाली' ने हिमालय से हमारे कई सम्बन्ध बताए हैं । उनमें से किन्हीं तीन सम्बन्धों को लिखिए । 3

**अथवा**

'उल्टे बाँस वरेली' को कवि सुदर्शन ने किस सन्दर्भ में कहा है ?

19 रोगग्रस्त महिला को देखकर डॉक्टर की आँखों में चमक सी क्यों आ गई ? 3

**अथवा**

बल की दृष्टि से पश्चिम और भारत में क्या अन्तर है ?

20 बदलते आदर्शों के इस युग में कस्तूरबा के प्रति श्रद्धा प्रकट कर किस बात का प्रमाण दिया गया है ? 3

**अथवा**

तीनों बच्चों की वेशभूषा कैसी थी ? लेखिका को सबसे छोटे बच्चे पर दया क्यों आई ?



https://www.evidyarthi.in/

21 चेन्नई में हिन्दी प्रचार सभा क्या–क्या कार्य कर रही है ? 3

**अथवा**

हंसिनी ने राजकाज प्रजा को सौंपने की क्या योजना बनाई ?

22 शिवाजी के युद्ध अभियान का वर्णन कीजिए । 4

**अथवा**

'यशोधरा की व्यथा' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

23 जब बिजली चली गई तब लेखक (बाबू गुलाबराय) को किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ? 4

**अथवा**

पुस्तकों के जलने से होने वाली क्षति का वर्णन कीजिए ।

24 निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

संदेसौ देवकी सौं कहियौ ।
हौं तो धाय तिहारे सुत की, मया करत ही रहियौ ॥
जदपि टेव तुम जानति उनकी, तऊ मोहिं कहि आवै ।
प्रात होत मेरे लाड़ लड़ैतें, माखन रोटी भावै ॥

**अथवा**

महामंत्र ऋषियों का
अणुओं परमाणुओं में फूंका हुआ –
"तुम हो महान, तुम सदा हो महान् ।"
है नश्वर यह दीन भाव,
कायरता, कामपरता
ब्रह्म हो तुम
पद–रज भर भी है नहीं पूरा यह विश्वभार –
जोगा फिर, एक बार !



https://www.evidyarthi.in/

25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मेरे सपनों के भारत में सब लोगों को समानता का व्यवहार मिलेगा । जाति या धर्म के नाम पर देश को शक्तिशाली नहीं होने दिया जायेगा । मेरे सपनों के भारत में उग्रवादियों और देश के दुश्मनों के लिए कोई स्थान नहीं होगा । सभी लोग सुरक्षा और शांति से जीवन–यापन करेंगे । मेरे सपनों के भारत में हिन्दी राष्ट्रभाषा होगी और प्रादेशिक भाषाओं की उन्नति के पर्याप्त अवसर दिए जायेंगे । मेरा देश किसी देश पर पहले आक्रमण नहीं करेगा, परन्तु यदि कोई देश इस पर आक्रमण करेगा, तो वह उसकी ईंट से ईंट बजा देगा ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग 30 शब्दों में लिखिए । 1

(iii) मेरे सपनों के भारत में सब लोगों के साथ किस तरह के व्यवहार की अपेक्षा की गई है ? 1

(iv) उन्नति शब्द का एक पर्यायवाची लिखिए । 1

(v) 'इंट से ईंट बजा देना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हम अनेकता में भी तो हैं एक ही,
हर झगड़े में जीता सदा विवेक ही,
कृति–आकृति, संस्कृति भाषा के वास्ते,
बने हुए हैं, मिलते जुलते रास्ते,
आस्थाओं की टकराहट से लाभ क्या ?
मंजिल को हम देंगे भला जवाब क्या ?
हम टूटे तो टूटेगा यह देश भी,
मैला वैचारिक परिवेश भी
सर्जनरत हो आजादी के दिन जिओ,
श्रमकर्ताओं, रचनाकारो, साथियो ।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए । 1

(ii) उपर्युक्त पद्यांश का सारांश लगभग 25 शब्दों में लिखिए । 1

(iii) मनुष्य के विचारों में मैलापन कब आ जाता है ? 1

(iv) 'आस्था' शब्द का विलोम लिखिए । 1

(v) हम मिल–जुलकर किन–किन रास्तों को आसान बना सकते हैं ? 1



https://www.evidyarthi.in/

27 बुक बैंक से पुस्तक प्राप्त करने हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन–पत्र लिखिए । 5

अथवा

हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए ।

28 खण्ड (अ) : निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 7

(i) राष्ट्र निर्माण में युवकों का योगदान

(ii) भारतीय समाज में नारी का स्थान

(iii) मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर

(iv) संचार के साधन

(v) प्रिय कवि

खण्ड (ब) : किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए : 3

(i) विद्यार्थी और अनुशासन

(ii) विज्ञान और मानव जीवन

(iii) भारतीय समाज और मानवीय मूल्य

(iv) जहाँ सुमति तहँ सम्पत्ति नाना

---



https://www.evidyarthi.in/